Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Shandil Dr. (Col.) Dhani Ram

>

Title : *hNeed to release additional funds to the Government of Himachal Pradesh for providing relief to the people affected by floods

डॉ. कर्नल (सेवानिवृत्त) धनीराम शांडिल्य (शिमला) : अध्यक्ष महोदय, मैं, आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी का ध्यान 26 जून, 2005 को चीन के तिब्बत की परिछू नदी में बनी कृत्रिम झील के टूटने से हिमाचल प्रदेश की सतलुज नदी में आई भयंकर बाढ़ में समधो से गोविन्द सागर तथा भाखड़ा बांध तक किन्नौर, शिमला, कुल्लू, मंडी एवं बिलासपुर जिलों के 350 किलोमीटर क्षेत्र में सड़कों, पुलों, निजी एवं सरकारी इमारतों को 700 करोड़ रूपये की क्षति की ओर आकर्षित करना चाहता हूं।

सयुंक्त प्रगतिशील गठबंधन की चेयरपर्सन, गृह मंत्री, मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश एवं भारत तिब्बत सीमा पुलिस के महानिदेशक ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और तुरंत बड़े पैमाने पर राहत कार्य प्रारंभ किये। बंद राट्रीय राजमार्ग को खोला और फंसे हुए 800 पर्यटकों को निकाला गया। केन्द्र की एसैसमेंट टीम ने भी दिनांक 30.6.2005 को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।

हिमाचल प्रदेश में भयंकर बाढ़ से हुयी क्षति की पूर्ति के लिए उसके वर्तमान शेयर के अतिरिक्त प्रदेश सरकार ने गृह मंत्रालय से 150 करोड़ रूपये नेशनल कैलेमिटी कंटिनजेंसी फंड से तत्काल रिलीज करने की प्रार्थना की है। मेरा आग्रह है कि अविलम्ब धनराशि प्रदान की जाये।

---

* Treated as laid on the Table.